75 वाँ आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में वीयू अंतर्गत 73 वाँ गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न।

जबलपुर। आज दिनांक 26 जनवरी 2022 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर मुख्यालय व पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर, मुख्य आतिथ्य द्वारा 75 वॉ आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 73 वाँ गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण डॉ. श्रीकांत जोशी, कुलसचिव एवं श्री अजय सिंह ठाकुर, लेखा नियंत्रक सोशल डिस्टेंसिंग के साथ उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ।

राष्ट्रीय पर्व 73 वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर, ने अपने उद्‌बोधन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीदों के बलिदानों को स्मरण करते हुये, भावमीनी श्रृदांजलि दी। जिससे भारत वर्ष स्वतंत्र हुआ एवं फलस्वरूप सन् 1950 में गणतंत्र की स्थापना हुई। भारत रत्न व राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख जी ने अपने जीवन में ग्रामीण विकास के अंर्तगत कृषकों व पालकों के सामाजिक–आर्थिक उत्थान में जो उत्कृष्ट कार्यों एवं उल्लेखनीय भूमिका का निर्वाहन किया है, उसी के परिणास्वरूप उनके नाम पर इस विश्वविद्यालय का नामकरण किया गया। हमें उनके द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों एवं आदर्शो को आत्मसात करते हुये, विश्वविद्यालय के निरंतर विकास में अपनी सक्रिय सहभागिता का निर्वाहन करना हमारा दायित्व है। जिससें माननीय प्रधानमंत्री जी के स्वप्न वर्ष 2022 तक कृषकों की आय में

दो–गुनी आय में वृद्धि हो सके और प्रदेश एवं देश के कृषक/पशुपालक आत्म–निर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, अनुसंधान, विस्तार गतिविधियाँ एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुये विस्तृत जानकारी से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ, उत्कृष्ट कार्यों एवं पशु प्रदर्शनी, पशु उपचार शिविर तथा कृषकों की एक दिवसीय कार्यशाला, भारत भारती, आवासीय परिसर, बैतूल में सहभागी/प्रतियोगिताओं के प्रतिभागीयों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर ने 73 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी विश्वविद्यालय परिवार को अपनी हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित की है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के प्रशासनिक अधिकारियों, अधिष्ठातागणों, संचालकों, प्राध्यापकों, छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। 73 वें गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का संचालनएवं आभार प्रदर्शन डॉ. ए.के.गौर द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)